

महाकोशल कालेज मे करियर परामर्श एवं पूर्व परीक्षा की तैयारी पर व्याख्यान के दौरान उपस्थित दृष्टि बाधित विद्यार्थी। • सौजन्य कालेज

# 'आत्म मूल्यांकन के साथ लक्ष्य निर्धारित करें'

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर :** दिव्यांग प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल कालेज के संयुक्त तत्वावधान में दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए करियर परामर्श एवं परीक्षा पूर्व तैयारी पर व्याख्यान दिया। प्रो. अरुण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी जबलपुर संभाग एवं दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी ने कहा कि आत्ममूल्यांकन और रुचि का मूल्यांकन करें। लक्ष्य निर्धारित कर योजना व अध्ययन के लिए समय-सारणी बनाएं एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें।